दिनांक : 24.03.2026 समय : 07.10 PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**संकेत धुन**

नमस्कार, समाचारों के साथ मैं ...दीपा सिंह ....

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को किया फोन, पश्चिम एशिया की स्थिति पर हुई बात ।
- जग वसंत और पाइन गैस नाम के दो भारतीय जहाज होर्मुज़ स्ट्रेट पार कर 92 हजार टन एलपीजी लेकर भारत आ रहे हैं।
- मुख्यमंत्री मोहन यादव ने दतिया के भांडेर में किसान सम्मेलन में 62 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।
- सुप्रीम कोर्ट का फैसला, ईसाई या अन्य धर्म अपनाने पर अनुसूचित जाति का दर्जा खत्म ।

**अब समाचार विस्तार से:–**

**पीएम मोदी- राज्यसभा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन्हें फोन किया और दोनों ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर बात की। श्री मोदी ने लिखा कि भारत तनाव कम करने और जल्द शांति बहाल करने के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि होर्मुज़ स्ट्रेट का खुला और सुरक्षित रहना पूरी दुनिया के लिए जरूरी है। प्रधानमंत्री ने लिखा कि दोनों नेता शांति प्रयासों को लेकर संपर्क में बने रहेंगे।

**भारतीय जहाज- एलपीजी**

बंदरगाह, जहाज़रानी और जलमार्ग मंत्रालय के अनुसार, भारत के दो जहाज़ एलपीजी लेकर रास्ते में हैं। जग वसंत और पाइन गैस नाम के ये जहाज़ होर्मुज़

स्ट्रेट से गुज़र चुके हैं। मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश सिन्हा ने इन जहाजों की जानकारी देते हुए कहा-

**शिवराज सिंह- सीहोर**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज सीहोर जिले के बुदनी पहुंचे और राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो 2026 में शामिल हुए। उन्होंने नई अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं का लोकार्पण किया और किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों की टूलकिट वितरित की। एक्सपो में ड्रोन तकनीक, आधुनिक कृषि यंत्र और फसल प्रबंधन की नई तकनीकों का प्रदर्शन भी किया गया।

**उप मुख्यमंत्री- भर्तियां**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आज लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सभी लंबित भर्तियां तय समय में पूरी करने के निर्देश दिए। ESB को अस्पताल सहायक के रिक्त पदों का प्रस्ताव जल्द भेजने और नर्सिंग टीचरों की नियुक्ति प्राथमिकता से करने को कहा। साथ ही अस्पतालों में आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने की चरणबद्ध योजना बनाने के भी निर्देश दिए।

**लोकसभा- ट्रांसजेंडर संरक्षण विधेयक**

लोकसभा में ट्रांसजेंडर व्यक्ति अधिकार संरक्षण संशोधन विधेयक 2026 पर चर्चा हुई। इसमें पहचान प्रमाण पत्र के लिए मेडिकल बोर्ड की सिफारिश अनिवार्य की गई है। बोर्ड की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी करेंगे और जिला मजिस्ट्रेट प्रमाण पत्र जारी करेंगे। इस प्रमाण पत्र के आधार पर जन्म प्रमाण पत्र समेत अन्य दस्तावेजों में नाम बदलवाया जा सकेगा। सामाजिक न्याय मंत्री वीरेंद्र कुमार ने कहा कि यह कानून सामाजिक बहिष्कार झेल रहे ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा के लिए है।

**मोहन यादव- दतिया**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दतिया जिले के भांडेर में किसान सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने 62 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। इनमें स्कूल भवन, छात्रावास, विश्राम गृह और बिजली उप-केंद्र शामिल हैं।

**सर्वोच्च न्यायालय- अनुसूचित जाति**

सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है कि केवल हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अनुयायी ही अनुसूचित जाति का दर्जा पाने के पात्र हैं। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि किसी अन्य धर्म जैसे कि ईसाई धर्म में धर्मांतरण करने से अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत और पूरी तरह से समाप्त हो जाता है। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के एक आदेश को बरकरार रखते हुए न्यायालय ने कहा कि एक बार कोई व्यक्ति ईसाई धर्म अपना लेता है और सक्रिय रूप से उस धर्म का पालन करता है, तो उसे अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता। न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने फैसला सुनाया कि ईसाई धर्म अपनाने वाला दलित व्यक्ति अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत संरक्षण का दावा नहीं कर सकता।

**सर्वोच्च न्यायालय- शॉर्ट सर्विस कमीशन**

सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है कि सेना, नौसेना और वायु सेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन प्राप्त महिला अधिकारी, जिन्हें मनमानी मूल्यांकन प्रक्रिया के कारण स्थायी कमीशन से वंचित रखा गया था, अब पूर्ण पेंशन लाभ की हकदार होंगी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की अध्यक्षता वाली पीठ ने फैसला सुनाया है कि इन अधिकारियों को पेंशन पात्रता के लिए आवश्यक 20 वर्ष की सेवा पूरी कर चुकी माना जाएगा, भले ही उन्हें पहले ही सेवामुक्त कर दिया गया हो।

**कैंसर पहचान- एआई की मदद**

कैंसर की जल्दी पहचान और इलाज को बेहतर बनाने के लिए सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग तेजी से बढ़ा रही है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के तहत India AI Mission में “कैंसर AI एंड टेक्नोलॉजी चैलेंज ” कार्यक्रम

शुरू किया गया है। इस योजना के तहत अस्पतालों और टेक्नोलॉजी कंपनियों को मिलकर AI आधारित कैंसर स्क्रीनिंग और जांच के समाधान विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। चयनित परियोजनाओं को 50 लाख रुपये तक की शुरुआती फंडिंग और आगे बढ़ने पर 1 करोड़ रुपये तक की मदद दी जाएगी।

**विश्व टीबी दिवस- जेपी नड्डा**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज विश्व टीबी दिवस पर उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में राष्ट्रीय कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने 2027 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य के तहत 100 दिवसीय सघन अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर टीबी मुक्त भारत ऐप और टीबी मुक्त शहरी वार्ड पहल भी लॉन्च की गई।

मौसम

प्रदेश में मौसम एक बार फिर बदलने वाला है। 26 और 27 मार्च को कई इलाकों में आंधी और बारिश हो सकती है। ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभाग पर इसका सबसे ज्यादा असर रहेगा। कल सबसे ज्यादा गर्मी रायसेन में रही, जहां पारा 38 डिग्री तक पहुंचा। पिछले दिनों हुई आंधी और ओलावृष्टि से प्रदेश के 17 जिलों में केला, पपीता और गेहूं की फसलों को नुकसान पहुंचा है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में :-**

- झाबुआ में जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की जिला स्तरीय बैठक हुई।
- नीमच और अशोकनगर जिले में जनगणना की तैयारियां को लेकर फील्ड ट्रेनर्स के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।
- देवास जिले में कृषि उपज मंडी में दो दिवसीय कृषि विज्ञान मेले का समापन हुआ, जिसमें वैज्ञानिकों जैविक खेती की जानकारी दी।
- आगर मालवा जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सुसनेर में विद्यार्थियों ने जल संरक्षण पर चर्चा कर पानी बचाने का संकल्प लिया।
- उमरिया जिले में साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर ने 53 आवेदकों की समस्याओं को सुन उनके निराकरण के निर्देश दिए।

- राजगढ़ जिले के नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु कलेक्टर ने 'संवाद से समाधान' कार्यक्रम की अभिनव पहल शुरू की है।
- खंडवा में "संकल्प से समाधान" अभियान के तहत कल 25 मार्च को शिविर आयोजित किया जाएगा।
- इंदौर में आर्मी वॉर कॉलेज, महू की 'कॉम्बैट लाइब्रेरी' ने कल एक प्रेरणादायक 'ह्यूमन लाइब्रेरी' कार्यक्रम का आयोजन किया।
- धार जिले में बाल चौपाल के अवसर पर बच्चों की ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित कर बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरित किए गए।
- बैतूल कलेक्टर ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।
- निवाड़ी और शाजापुर जिले में विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

**इस बुलेटिन में बस इतना ही, अगला बुलेटिन कल सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर, नमस्कार।**

---------------------------------